बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1
(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक– 20 दिनांक 3-4-06

सेवा में,

सचिव,
कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग
बिहार पटना।

विषय– आयुक्त एवं सचिव ,नगर विकास विभाग श्री पी० के० बसु भा० प्र० से० के द्वारा विहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी श्री अजय कुमार सिंह , उप सचिव नगर विकास विभाग के साथ दुर्व्यवहार करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक श्री अजय कुमार सिंह, उप सचिव नगर विकास विभाग का आवेदन पत्र, जो सीधे आपको सम्बोधित है की प्रतिलिपि संलग्न करते हुए मुझे कहना है कि नगर विकास विभाग के आयुक्त एवं सचिव ने दिनांक 31.3.2006 को श्री अजय कुमार सिंह बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी को अपने कक्ष में रात्रि करीव 8.45 बजे बुलाकर धमकी दी ।

वस्तुस्थिति यह है कि श्री सिंह को 8.30 बजे रात्रि में उनके द्वारा आदेश दिया गया कि अभी आप उपाध्यक्ष पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार के निवास पर जाकर विभागीय प्रतिवेदन प्राप्त करें। श्री सिंह द्वारा अथक प्रयास करने पर भी उपाध्यक्ष पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार के निवास स्थान का पता नहीं चला और दूरभाष पर भी सम्पर्क नहीं हो पाया । जब इस बात की जानकारी दिनांक 31.3.06 को रात्रि 8.45 बजे आयुक्त एवं सचिव श्री बसु को श्री सिंह देने गये तो श्री बसु नें ऑख दिखा कर धमकी दी और कहा कि में आपको देख लूँगा। इसके पूर्व भी कई वार श्री सिंह के साथ उन्होंने दुर्व्यवहार किया है । यह एक अशोभनीय धटना है और सरकारी सेवा संहिता के विरूद्ध है।

इस घटना से बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के सदस्य काफी उत्तेजित हैं । संघ का यह आग्रह होगा कि इस घटना की जॉच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाय एवं श्री अजय कुमार सिंह उप सचिव नगर विकास विभाग को वहॉ से अन्यत्र किसी समकक्ष पद पर स्थानान्तरित कर दिया जाय।

विश्वासभाजन,

3/4/06

(विपिन कुमार सिंह)
महासचिव

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक–   दिनांक..........................

प्रतिलिपि–   आयुक्त एवं सचिव , नगर विकास विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

(विपिन कुमार सिंहा)
महासचिव

प्रतिलिपि–   मुख्य सचिव बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित
भवदीय से अनुरोध है कि इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय

(विपिन कुमार सिंहा)
महासचिव